प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने स्कूल रूआर–2025 अभियान का किया शुभारंभ, कहा–राज्य को पूर्ण साक्षर बनाना अबुआ सरकार का लक्ष्य।
- हजारीबाग में बन रहे राज्य के पहले हाई सिक्योरिटी जेल का गृह सचिव वंदना दादेल ने किया निरीक्षण, 280 उग्रवादियों को रखने की होगी व्यवस्था।
- पहलगाम में सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफ दिखाई सख्ती, राज्य के विभिन्न जिलों में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज भी किया गया प्रदर्शन।
- भाकपा माले ने निजीकरण और बेरोजगारी के खिलाफ 20 मई को देशव्यापी मजदूर हड़ताल का किया ऐलान।
- आईपीएल क्रिकेट में आज शाम चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा

********************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर के टाउन हॉल से स्कूल रूआर अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष के बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन और उनका ठहराव सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर पटमदा केजीबीवी बैंड और नवोदय में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि यह अभियान 10 मई तक चलेगा और जनभागीदारी से राज्य को पूर्ण साक्षर बनाना ही अबुआ सरकार का लक्ष्य है।

********************

हजारीबाग में राज्य का पहला हाई सिक्योरिटी जेल का निमार्ण किया जा रहा है। आज झारखंड की गृह सचिव वंदना दादेल ने इस निर्माणाधीन जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों से बारीकियों पर चर्चा की। 18 दशमलव 20 एकड़ में बन रहे इस जेल में 280 हार्डकोर उग्रवादियों और अपराधियों को रखने की व्यवस्था होगी।

********************

पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के द्वारा कड़ी कार्रवाई शुरु कर दी गई है। आतंकियों को पनाह देने वाले लश्कर ए तैयबा के आतंकी आसिफ शेख और आदिल खोकर के मकान को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है।

********************

इधर पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में राज्य के विभिन्न जिलों में आज भी प्रदर्शन किया गया। सरायकेला खरसावां में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने पहलगाम हत्याकांड के विरोध में काली पट्टी पहनकर विरोध दर्ज कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग केंद्र सरकार से की है। वहीं सिमडेगा जिले के स्थानीय लोगों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद कर आतंकवाद के खिलाफ विरोध जताया।

उधर हजारीबाग शहर में व्यापारियों ने खुद ही अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और घटना की कड़ी निंदा की। इस दौरान शहर बंद का व्यापक असर देखने को मिला और सभी समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

********************

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताते हुए केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। राजधानी रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश होने के नाते कश्मीर में हुई घटनाओं की पूरी जिम्मेदारी केंद्र की है। प्रेस वार्ता में उन्होंने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सरकार की नाकामी को उजागर किया। साथ ही उन्होंने बताया कि निजीकरण, बेरोजगारी और विस्थापन के खिलाफ 20 मई को मजदूरों द्वारा देशव्यापी हड़ताल किया जाएगा।

********************

प्रधानमंत्री रोजगार मेला कल सुबह 9 बजे रांची के  सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित किया जाएगा, जिसे प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। इस आयोजन में विभिन्न विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

********************

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश दौरे पर हैं। दौरे में उनके साथ गांडेय विधायक और झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास कमेटी की अध्यक्ष कल्पना सोरेन भी शामिल हैं। इस क्रम में बर्सिलोना में कल्पना सोरेन ने भारत में काम कर रहे स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं में उनकी भूमिका पर चर्चा की। ये एनजीओ भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

********************

कोडरमा के चंदवारा प्रखंड के छतारा गांव में 9 परिवारों द्वारा ईसाई धर्म अपनाने के बाद गांव में सामाजिक तनाव गहराता जा रहा है। गांव के अन्य लोगों ने इन परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करते हुए धर्मांतरण के खिलाफ सामुदायिक स्तर पर पहल शुरू की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जांच के आदेश दिए हैं।

********************

खूंटी जिले के सदर अस्पताल में स्थापित बत्तीस स्लाइस सिटी स्कैन मशीन का सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- राजधानी रांची के संत मारिया महागिरजाघर में पॉप फ्रांसिस के आत्मा की शांति के लिए विशेष मिस्सा अनुष्ठान हुआ, जिसमें शोक के प्रतीक के रूप में काला झंडा फहराया गया। फादर आनंद डेविड खलखो ने कहा कि पॉप फ्रांसिस ने ईश्वर की सेवा की और अब उन्हें अनंत विश्राम के लिए भेज दिया गया है।
- चाईबासा में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद जोबा मांझी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं को त्वरित गति से पूरा करने का निर्देश दिया गया।

********************

मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में यलो अलर्ट जारी किया है जिसके तहत 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के बहने और बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही 27 अप्रैल को रांची, रामगढ़, हजारीबाग सहित 7 जिलों में तेज हवाओं, बिजली गिरने और ओलावृष्टि के साथ आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

********************

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

********समाप्त**************